दिनांकः 09.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन–राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रदेश में कृषि और पशुपालन में नवाचार अपनाने पर दिया जोर।
- राज्य सरकार ने कैंसर से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन किया।
- पेरिस ओलम्पिक में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक स्पर्धा में भारत को दिलाया रजत पदक–हॉकी टीम ने जीता कांस्य।

..........................

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आदिवासी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। महोत्सव में आदिवासी अंचलों से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। शिल्पग्राम के डूंगरपुर हट पर शाम को पद दंगल और हेला ख्याल गायन तथा घूमर नृत्य की प्रस्तुति होगी। करौली के खिरखिड़ा गांव में धामन देवी मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जैसलमेर में इस अवसर पर वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही डेडानसर मैदान के पास आदिवासी संस्कृति से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली में समाज के लोगों की ओर से पारम्परिक वेशभूषा में रैली निकाली जाएगी। सवाईमाधोपुर में संगोष्ठी आयोजित की जाएगी तथा पद दंगल सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सांचौर के रानीवाडा में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जिला प्रमुख सहित कई जनप्रतिनिधि और आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे। डूंगरपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आदिवासी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के लोग भाग लेंगे।

..........................

बांसवाड़ा के कॉलेज मैदान में आदिवासी समारोह का आयोजन होगा। इसमें असम, मिज़ोरम और मध्यप्रदेश से आई जनजातीय समूहों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।
राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने आदिवासी दिवस पर अपने बधाई संदेश में आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने और उनकी प्रकृति संरक्षण की परंपराओं को बचाकर समाज की उन्नति के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि आदिवासी, प्राचीन परम्पराओं और ऐतिहासिक संस्कृति के प्रतीक हैं।

..........................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रदेश में कृषि और पशुपालन में नवाचार अपनाने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कल राजभवन में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि नवाचार अपनाने से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। श्री बागड़े ने कृषि और सहकारिता क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाने के लिए डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता बढाने के साथ उनके प्रभावी विपणन पर भी काम करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश में प्राकृतिक खेती से जुड़े नए आयामों को अपनाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने दुग्ध उत्पादन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

..........................

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर

हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। उन्हों्ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वर्ष 2022 में शुरू किया गया था और पिछले वर्ष दस करोड से अधिक लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड की। अभियान के तहत देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न जिलों में आज कई आयोजन हो रहे हैं। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अभियान को लेकर कल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

.........................

राज्य सरकार ने कैंसर संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं तथा गतिविधियों को बढ़ाने के लिए स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन किया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि यह टास्क फोर्स कैंसर के निदान, जांच, रोकथाम और जागरूकता गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करेगी। ये फोर्स कैंसर सम्बन्धी सेवाओं के विस्तार, कैंसर केयर से सम्बंधित पालिसी की समीक्षा और आवश्यक संशोधन के प्रयास सुनिश्चित करेगी।

.........................

जैसलमेर में देशी–विदेशी सैलानियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने तथा लपकों पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने ऑपरेशन वेलकम शुरू किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने अभियान के पोस्टर का विमोचन कर इसकी शुरूआत की।

.........................

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बाघ और बाघिन शिफ्ट करने को लेकर कल दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता और केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। इसमें राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने राज्य में वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा और उनसे जुड़ी हुई समस्याओं के समाधान पर विस्तार से अपना पक्ष रखा। बैठक में विशेष रूप से कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के वन्य जीवन से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर वन विभाग और एनटीसीए के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। श्री शर्मा ने बताया कि बैठक में कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बाघ और बाघिन शिफ्ट करने का निर्णय हुआ। साथ ही प्रदेश के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में नए एनक्लोजर और आवश्यक सुविधाएं भी विकसित करने का निर्णय लिया गया।

.........................

और अब खबरें पेरिस ओलम्पिक की –

पेरिस ओलम्पिक्स में कल भारत ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय एथलीट, नीरज चोपड़ा ने सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ, 89 दशमलव चार–पांच मीटर थ्रो करके पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज चोपड़ा को बधाई दी है।

वहीं भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन से स्पेन को 2–1 से हरा दिया और कांस्य पदक देश के नाम किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हॉकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम की निरंतरता, कौशल, एकजुटता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना भारत के युवाओं को प्रेरित करेगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए टीम को हार्दिक बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत की इन दोनों उपलब्धियों पर खिलाडियों को बधाई और शुभाकामनाएं दी हैं।

हॉकी इंडिया ने पुरुष हॉकी टीम के हर खिलाड़ी को 15 लाख रुपये और सहयोगी सदस्यों को साढे सात लाख रुपये के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

इस बीच, आज पेरिस ओलम्पिक खेलों में भारतीय एथलीट कुश्ती, एथलिटिक्स और गोल्फ में चुनौती पेश करेंगे। अमन सहरावत पुरूषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक के लिए चुनौती देंगे।

.........................